# भारतीय रिज़र्व बैंक
# विदेशी मुद्रा विभाग
# केंद्रीय कार्यालय
# मुंबई - 400 001

---

**भारिबैं/2012-13/11**
**मास्टर परिपत्र सं. 11/2012-13** 02 जुलाई 2012

विदेशी मुद्रा के सभी प्राधिकृत व्यापारी

महोदया /महोदय,

**मास्टर परिपत्र - निवासियों द्वारा विदेश स्थित संयुक्त उद्यम (JV)/**
**पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं/कंपनियों (WOS) में प्रत्यक्ष निवेश**

**समय-समय** पर यथा संशोधित 7 जुलाई 2004 की फेमा अधिसूचना सं.120/आरबी-2004 (19 नवंबर 2004 का जीएसआर 757 (E) अर्थात् विदेशी मुद्रा प्रबंध (किसी विदेशी प्रतिभूति का अंतरण अथवा निर्गम) विनियमावली, 2004 के साथ पठित विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 (1999 का 42) की धारा 6 की उप-धारा (3) के खंड (ए) के अनुसार निवासियों को विदेश में स्थित संयुक्त उद्यम और पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं/कंपनियों में प्रत्यक्ष निवेश करने की अनुमति दी जाती है ।

2. इस मास्टर परिपत्र में **"निवासियों द्वारा विदेश स्थित संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं/कंपनियों में प्रत्यक्ष निवेश"** विषय पर वर्तमान अनुदेशों को एक स्थान पर समेकित किया गया है। निहित परिपत्रों / अधिसूचनाओं की सूची परिशिष्ट में दी गई है।

3. इस मास्टर परिपत्र को एक वर्ष की अवधि के लिए (" सनसेट " खंड के साथ) जारी किया जाता है। इस परिपत्र को 1 जुलाई 2013 को वापस ले लिया जाएगा और उसके स्थान पर इस विषय में अद्यतन परिपत्र जारी किया जाएगा ।

भवदीय,

**(रुद्र नारायण कर)**
**मुख्य महाप्रबंधक**

**अनुक्रमणिका**

**भाग-1**

**खंड ए: सामान्य**

ए. 1 प्रस्तावना

ए. 2 सांविधिक आधार

ए. 3 निषेध

ए. 4 सामान्य अनुमति

**खंड बी : भारत के बाहर प्रत्यक्ष निवेश**

बी. 1 स्वतः अनुमोदित मार्ग

बी. 2 स्वतः अनुमोदित मार्ग के तहत, अनिगमित विदेशी कंपनियों में निवेश

बी .3 निधीयन की विधि

बी. 4 निर्यातों और अन्य देयताओं का पूंजीकरण

बी. 5 वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश

बी. 6 विदेश में पंजीकृत कंपनियों के ईक्विटी/ रेटेड कर्ज लिखतों में निवेश

बी. 7 रिज़र्व बैंक का अनुमोदन

बी. 8 ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन क्षेत्र में निवेश

बी. 9 स्वामित्ववाली कंपनियों द्वारा समुद्रपारीय निवेश

बी. 10 पंजीकृत ट्रस्ट /सोसाईटी द्वारा समुद्रपारीय निवेश

बी. 11 वर्तमान संयुक्त उद्यमों/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं में निवेशोत्तर परिवर्तन/ अतिरिक्त निवेश

बी. 12 ऐसी समुद्रपारीय संस्था (ओवरसीज इंटिटी) के तुलन पत्र को पुन: संतुलित (रिस्ट्रक्चर)करना, जहाँ पूंजी तथा प्राप्य राशियां बट्टे खाते में डालना शामिल हो

बी. 13 बोली या निविदा प्रक्रिया के जरिए विदेशी कंपनी का अभिग्रहण

बी. 14 भारतीय कंपनी के दायित्व

बी. 15 संयुक्त उद्यम/ पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं के शेयरों की बिक्री के मार्फत अंतरण

बी. 16 संयुक्त उद्यम/ पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं के शेयरों की बिक्री के मार्फत अंतरण जिसमें निवेश को बट्टे खाते डालना निहित हो

बी. 17 संयुक्त उद्यम/ पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं के शेयर गिरवी रखना

बी. 18 प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की हेज़िंग

**खंड सी: विदेशी प्रतिभूतियों में अन्य निवेश**

सी.1 कुछ मामलों में विदेशी प्रतिभूतियों की खरीद/ उनके अधिग्रहण की अनुमति

सी. 2 भारत में निवास करनेवाले व्यक्ति द्वारा विदेशी प्रतिभूति गिरवी रखना

सी. 3 कुछ मामलों में सामान्य अनुमति

मालियत के 400 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगी। उल्लिखित 400 प्रतिशत की सीमा के तहत "कुल वित्तीय प्रतिबद्धताओं" के निर्धारण के लिए निम्नलिखित की गणना की जाएगी, अर्थात:

ए. ईक्विटी शेयरों की राशि 100%;

बी. अनिवार्यत: और अधिदेशात्मक रूप से परिवर्तनीय अधिमानी शेयरों की राशि 100%[3];

सी. अन्य अधिमानी शेयरों की राशि 100%;

डी. ऋण की राशि 100%;

ई. भारतीय पार्टी द्वारा जारी गारंटी (निष्पादन गारंटी से भिन्न) की राशि 100%;

एफ. किसी भारतीय पार्टी के संयुक्त उद्यम/की पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी(यों) की ओर से निवासी बैंक के द्वारा जारी बैंक गारंटी की राशि 100%[4], बशर्ते ऐसी बैंक गारंटी भारतीय पार्टी द्वारा दी गई प्रति गारंटी/संपार्श्विक गारंटी द्वारा समर्थित हो;

जी. भारतीय पार्टी द्वारा जारी निष्पादन गारंटी राशि का 50 प्रतिशत, बशर्ते यह कि निष्पादन गारंटी के आह्वान से बहिर्प्रवाह होने के परिणाम स्वरूप यदि वित्तीय प्रतिबद्धता की लागू सीमा भंग होती हो, तो वित्तीय प्रतिबद्धता की विनिर्दिष्ट सीमा से ज्यादा राशि विप्रेषित करने से पहले रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति प्राप्त की जाए।

ये निवेश निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे:

ए) भारतीय पार्टी/कंपनी केवल ऐसे समुद्रपारीय संयुक्त उद्यमों/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनियों को ऋण/गारंटी दे सकती है जिनमें उसकी ईक्विटी सहभागिता हो। संयुक्त उद्यमों/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनियों में बिना ईक्विटी अंशधारिता के वित्तीय प्रतिबद्धता लेने संबंधी भारतीय पार्टी के प्रस्तावों[5] पर अनुमोदन मार्ग के तहत रिज़र्व बैंक द्वारा विचार किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करने के बाद कि मेजबान देश के कानून भारतीय पार्टी द्वारा बिना ईक्विटी सहभागिता के कंपनी के गठन की अनुमति देते हैं, प्राधिकृत व्यापारी बैंक अपने ग्राहकों के ऐसे प्रस्ताव रिज़र्व बैंक को अग्रसारित कर सकते हैं।

भारतीय कंपनियां किसी भी प्रकार की गारंटी दे सकती हैं -जैसे कारपोरेट या वैयक्तिक ([6]भारतीय पार्टी के अप्रत्यक्ष निवासी प्रवर्तकों द्वारा व्यक्तिगत गारंटी सहित)/ प्रवर्तक कंपनी द्वारा प्राथमिक या संपार्शिक/गारंटी अथवा भारत स्थित समूह कंपनी, सहयोगी (सिस्टर) संस्था, सहयोगी कंपनी द्वारा गारंटी दे सकती हैं बशर्ते यह कि:

i) सभी प्रकार की गारंटियों सहित सभी वित्तीय प्रतिबद्धताएं भारतीय पार्टी द्वारा विदेशी निवेश के लिए निर्धारित समग्र सीमा अर्थात वर्तमान में भारतीय पार्टी के तुलन पत्र के पिछले लेखा परीक्षण की तारीख को निवल मालियत के 400 प्रतिशत के अंदर हैं।

---

[3] 28 मार्च 2012 का ए.पी.(डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 96

[4] 28 मार्च 2012 का ए.पी.(डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 96

[5] 28 मार्‍च 2012 का ए.पी.(डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 96

[6] 28 मार्च 2012 का ए.पी.(डीआईआर सीरीज) परिपत्र सं. 96

डी) विदेशी कंपनी की कर्मचारी स्टॉक आप्शन योजना के मार्फत ईक्विटी शेयरों की खरीद करने की आम अनुमति दी गई है, बशर्ते वह (individual) विदेशी कंपनी के भारतीय कार्यालय या शाखा कार्यालय, या, विदेशी कंपनी की भारत स्थित सहायक कंपनी, या, किसी भारतीय कंपनी जिसमें विदेशी कंपनी की प्रत्यक्ष या होल्डिंग कंपनी/एसपीवी [11] के मार्फत विदेशी ईक्विटी होल्डिंग हों भले ही उसका भारतीय कंपनी के स्टेक में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कितना भी स्टेक क्यों न हो, का कर्मचारी, या, निदेशक हो। प्राधिकारी व्यापारी श्रेणी I बैंकों को यह अनुमति दी जाती है कि वे इस उपबंध के अंतर्गत इस योजना के तहत पात्र व्यक्तियों (individuals) को शेयरों की खरीद के लिए विप्रेषण भेजने की अनुमति दे सकते हैं, भले ही योजना के कार्यान्वयन का तरीका कोई भी क्यों न हो अर्थात जहाँ योजना के तहत शेयर जारी करने वाली कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष रूप में या किसी ट्रस्ट/एसपीवी/स्टेप डाउन सहायक कंपनी के मार्फत अप्रत्यक्ष रूप में शेयरों के प्रस्ताव किए जाते हैं, बशर्ते: (i) कर्मचारी स्टाक विकल्प योजना के तहत एकरूप आधार पर वैश्विक रूप से जारीकर्ता कंपनी द्वारा शेयरों का प्रस्ताव दिया जाता है, और (ii) विप्रेषणों/लाभार्थियों, आदि का ब्योरा देते हुए प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - I बैंकों के माध्यम से रिज़र्व बैंक को भारतीय कंपनी द्वारा एक वार्षिक रिपोर्ट (संलग्नक-बी), प्रस्तुत की जाती है।

भारत में निवासी व्यक्ति उपर्युक्त के अनुसार अधिगृहीत शेयरों को बिक्री द्वारा अंतरित कर सकता है बशर्ते उससे प्राप्त राशि को प्राप्ति के तुरंत बाद और किसी भी स्थिति में ऐसी प्रतिभूतियों की बिक्री की तारीख से 90 दिनों के अंदर ही प्रत्यावर्तित किया जाता है।

ई) विदेशी कंपनियों को किसी कर्मचारी स्टाक विकल्प योजना के तहत भारत में निवासियों को जारी शेयरों की पुनर्खरीद की अनुमति है बशर्ते (i) ये शेयर विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 के तहत बने नियमों/ विनियमों के अनुसार जारी किए गए हो (ii) ये शेयर प्रारंभिक प्रस्ताव दस्तावेजों के अनुसार पुनः खरीदे जा रहे हैं और (iii) विप्रेषणों/ लाभार्थियों, आदि के ब्योरे देते हुए प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -I बैंकों के माध्यम से एक वार्षिक विवरणी प्रस्तुत की जाती है।

एफ) अन्य सभी मामलों में जो सामान्य या विशेष अनुमति के दायरे में नहीं आते हैं, विदेशी प्रतिभूति प्राप्त करने से पहले रिज़र्व बैंक से अनुमति लेनी आवश्यक है।

## सी. 2 भारत में निवास करने वाले व्यक्ति द्वारा विदेशी प्रतिभूति गिरवी रखना

भारत में निवास करनेवाले व्यक्ति द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 अथवा उसके अधीन बनाए गए नियमों अथवा विनियमों के उपबंधों के अनुसार अधिगृहीत शेयरों को भारत में प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक/ सार्वजनिक वित्तीय संस्था से ऋण सुविधाएं प्राप्त करने के लिए

[11] 28 मार्च 2012 का ए.पी.(डीईआर सीरीज) परिपत्र सं.97

**खण्ड बी : नयी परियोजना में निवेश के ब्योरे**

| **केवल रिज़र्व बैंक के उपयोग के लिए**<br>**विशिष्ट पहचान सं.** | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | |

(I) निवेश का प्रयोजन (कृपया उचित श्रेणी में टिक लगाएं)

(ए) संयुक्त उद्यम में भागीदारी (बी) पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी में अंशदान

(सी) विदेशी कंपनी का पूर्ण अधिग्रहण

(डी) विदेशी कंपनी का आंशिक अधिग्रहण

(ई) अनिगमित कंपनी में निवेश

(एफ) अन्य

(II) संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी के ब्योरे

(ए) संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी का नाम

(बी)संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी का पता

(सी) देश का नाम

(डी) ई-मेल

(ई) संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्था का लेखा वर्ष

(III) संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्था का कार्यकलाप कूट

(IV) क्या संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक संस्था एसपीवी है? (हां/नहीं) #

# अगर हां, तो खण्ड डी में ब्योरे दें

प्रस्तावित पूंजी संरचना

| | [ए] भारतीय पार्टी/पार्टियां | % स्टेक | | [ख] विदेशी भागीदार | % स्टेक |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | | | (1) | | |
| (2) | | | (2) | | |
| (3) | | | (3) | | |

(डी) समुद्रपारीय संस्था कम-से-कम एक वर्ष के लिए परिचालन में रही है और उस वर्ष के लेखापरीक्षित लेखे के साथ वार्षिक कार्यनिष्पादन रिपोर्ट रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई है;

(ई) भारतीय पार्टी केन्द्रीय जांच ब्यूरो / प्रवर्तन निदेशालय / सेबी / बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण अथवा भारत में किसी अन्य विनियामक प्राधिकरण द्वारा जांच के अधीन नहीं है।

स्थान :

दिनांक : (बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर)

नाम :

पदनाम :

टेलीफोन सं. :

फैक्स सं. :

मुहर/मुद्रा(सील)

**संलग्नक-बी**

**कर्मचारी स्टाक विकल्प योजना की रिपोर्टिंग**

**-------मार्च------- को समाप्त वर्ष के लिए कर्मचारी स्टाक विकप योजना के तहत भारतीय कर्मचारियों / निदेशकों को आबंटित शेयरों का विवरण (कंपनी के लेटर हेड पर प्राधिकृत व्यापारी बैंक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए)**

हम, मेसर्स . . . . . . . . . . . . . . . . . (भारतीय कंपनी) इसके द्वारा घोषणा करते हैं कि :

ए) मेसर्स . . . . . . . . . . . . . . . . (विदेशी कंपनी) ने वर्ष के दौरान कर्मचारी स्टाक विकल्प योजना के तहत हमारे कर्मचारियों को . . . . . . निम्नानुसार शेयर जारी किए हैं :-

(i) आबंटित शेयरों की संख्या :

(ii) कर्मचारियों/ निदेशकों की संख्या जिन्होंने शेयर स्वीकार किया है:

(iii) बाह्य विप्रेषण की राशि (विदेशी मुद्रा और समतुल्य भारतीय रुपये, दोनों में):

बी) 31मार्च____ को भारतीय कंपनी में विदेशी कंपनी मेसर्स . . . . . . . . . . . की प्रभावी धारिता (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष)---------% और

सी) मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार ऊपर दी गई सूचना सत्य और सही है।

प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर:

नाम :

पदनाम :

दिनांक :

---

सेवा में-
मुख्य महाप्रबंधक
भारतीय रिज़र्व बैंक
विदेशी मुद्रा विभाग
समुद्रपारीय निवेश प्रभाग
केन्द्रीय कार्यालय, अमर भवन, पांचवीं मंजिल
सर पी.एम. रोड, फोर्ट,
मुंबई 400 001.

**संलग्नक-सी**

**कर्मचारी स्टाक विकल्प योजना रिपोर्टिंग**

**---- मार्च ---------को समाप्त वर्ष के लिए कर्मचारी स्टाक विकल्प योजनाओं के तहत भारतीय कर्मचारियों/निदेशकों से जारीकर्ता विदेशी कंपनी द्वारा पुनः खरीदे गए शेयरों का विवरण**

**(उनके प्राधिकृत व्यापारी बैंक के माध्यम से कंपनी के लेटरहैड पर प्रस्तुत किया जाए)**

हम, मेसर्स . . . . . . . . . . . . . .(भारतीय कंपनी) इसके द्वारा घोषणा करते हैं कि :

ए) मेसर्स . . . . . . . . . . . . . . . . . (विदेशी कंपनी ) ने वर्ष के दौरान कर्मचारी स्टाक विकल्प योजना के तहत हमारे कर्मचारियों/निदेशकों को जारी ____________ शेयरों की पुनः खरीद की है,

(i) आबंटित शेयरों की संख्या :

(ii) कर्मचारियों/ निदेशकों की संख्या जिन्होंने शेयर बेचे हैं :

(iii) आवक विप्रेषण की राशि ( विदेशी मुद्रा और समतुल्य भारतीय रुपये, दोनों में) :

बी) 31मार्च______ के अनुसार भारतीय कंपनी में विदेशी कंपनी मेसर्स . . . . . . . . . . की प्रभावी धारिता (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष)------% है और

सी) मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार ऊपर दी गई सूचना सत्य और सही है।

प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर :

नाम :

पदनाम :

दिनांक :

---

सेवा में-
मुख्य महाप्रबंधक
भारतीय रिज़र्व बैंक
विदेशी मुद्रा विभाग
समुद्रपारीय निवेश प्रभाग
केन्द्रीय कार्यालय, अमर भवन, पांचवीं मंजिल
सर पी.एम. रोड, फोर्ट,
मुंबई 400 001.

